## सार-समाचार

### एबीवीपी के अधिवेशन का पोस्टर जारी

**फलोदी**, (नि.सं.)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) फलोदी द्वारा छोटी काशी बीकानेर में 26, 27 एवं 28 दिसंबर को आयोजित होने वाले 61वें प्रांत अधिवेशन (जोधपुर प्रांत) को लेकर जयनारायण मोहनलाल पुरोहित राजकीय पीजी महाविद्यालय, फलोदी परिसर में आधिकारिक पोस्टर का भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। विभाग संयोजक रावल जोशी ने संबोधित करते हुए कहा कि एबीवीपी का यह प्रांत अधिवेशन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि छात्र चेतना, राष्ट्रवादी विचारधारा और संगठित छात्र शक्ति का महापर्व है। उन्होंने कहा कि यह अधिवेशन छात्र हितों की निर्णायक आवाज, संगठन के विस्तार और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को और सुदृढ़ करने का सशक्त मंच सिद्ध होगा। उन्होंने आगे बताया कि अधिवेशन के माध्यम से छात्र समाज को वैचारिक प्रशिक्षण, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं सामाजिक दायित्व की स्पष्ट दिशा मिलेगी, जिससे युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा सकेगी। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में जिला संयोजक समंदर सिंह राजपुरोहित, भाग संयोजक दिनेश कुमावत, नगर मंत्री संदीप बिश्नोई, महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष जसराज शर्मा सहित प्रकाश खारा, निकिता व्यास, योगिता, रवीना परिहार, सानिया, खुशबू, माधवी बोहरा, अरविंद, रोहित, अभिषेक बिश्नोई,, मयंक शर्मा, अशोक चौधरी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि 61वां प्रांत अधिवेशन छात्र समाज को नई दिशा, नई ऊर्जा और नया नेतृत्व प्रदान करने वाला ऐतिहासिक आयोजन होगा।

### विद्यार्थियों को टीबी रोग की जानकारी दी

**जालोर**, (नि.सं.)। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, डूडसी में क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. असीम परिहार ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिले भर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इसी संदर्भ में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डुडसी में विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को चिकित्साकर्मी द्वारा टीबी रोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में एएनएम नीलम ने विद्यार्थियों को बताया कि टीबी एक संक्रामक लेकिन पूर्णतः उपचार योग्य रोग है। यदि समय पर जांच कराकर पूरा उपचार लिया जाए तो टीबी से पूरी तरह मुक्ति पाई जा सकती है। उन्होंने दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, वजन कम होना, भूख न लगना एवं रात में पसीना आना जैसे लक्षणों को गंभीरता से लेते हुए तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान में जांच कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा टीबी रोगियों के लिए निःशुल्क जांच एवं दवा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, साथ ही निक्षय पोषण योजना के तहत पोषण सहायता भी दी जाती है। कार्यक्रम के दौरान टीबी से जुड़े सामाजिक भ्रांतियों को दूर करते हुए रोग को छुपाने के बजाय समय पर इलाज कराने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने अपने परिवार एवं समाज में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने तथा अपनी पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का संकल्प लिया।

### 'खेलों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास'

**सायला**, (नि.सं.)। शिक्षा विभाग पाली संभाग के डिप्टी डायरेक्टर (शारीरिक शिक्षा) डॉ. भूपेंद्र सिंह सोढ़ा ने संभाग स्तरीय कर्मचारी टूर्नामेंट को लेकर भीनमाल जाते समय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भांडवपुर का निरीक्षण किया। विद्यालय में उन्होंने शैक्षिणक एवं खेल सुविधाओं का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. सोढ़ा ने विद्यार्थियों से संवाद कर खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और मानसिक मजबूती भी प्रदान करते हैं। विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों से जुड़ने का आ ान करते हुए उन्होंने कहा कि खेल जीवन में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। डॉ. सोढ़ा ने कक्षाओं, खेल मैदान एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और शारीरिक शिक्षा को और सशक्त बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर शिक्षक भंवरसिंह सुराणा सहित विद्यालय स्टाफ द्वारा डा. भूपेंद्र सिंह सोढ़ा का बहुमान किया गया। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ भंवरदान, भूपेन्द्र राणा, पदमाराम, सुरेन्द्रसिंह चौहान एवं महेंद्र दवे सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**जालोर**, (का.सं.)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के सचिव अहसान अहमद के आदेशानुसार एवं तालुका विधिक सेवा समिति रानीवाड़ा के अध्यक्ष मदनसिह चोधरी के निर्देशानुसार जागरुकता शिविर का आयोजन पिएलवी फौजाराम मेघवाल ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भाउआ नाडी दांतवाड़ा में किया गया जिसमें राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष में सुरक्षा के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की जानकारी व महिलाओं पर हो रहे लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध विधिक जागरूकता शिविर में विधार्थियों को वायु प्रदुषण, ध्वनि प्रदुषण,जल प्रदुषण के बारे में जानकारी दी गई साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत, जनोपयोगी सेवाएं के बारे में बताया गया। प्रधानाध्यापक मोहनलाल,अध्यापक सांवलाराम, सुरेन्द्र बिश्नोई, वीरेंद्र मीणा, राकेश कुमार,सुरेन्द्र कुमार, ओखाराम देवासी सहित कई जने उपस्थित थे।

### सांसद खेल महोत्सव का समापन आज

**जोधपुर** (कासं)। सांसद खेल महोत्सव 2025 का समापन समारोह 25 दिसंबर को प्रातः 9 बजे शाला क्रीड़ा संगम गौशाला मैदान में आयोजित होगा, जिसमें केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत उपस्थिति रहेंगे। इस अवसर पर वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में डॉ. प्रेम भंडारी एवं विरासत कल्चरल सोसायटी, धनोरा (पंजाब) द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी जाएंगी। समापन दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर उनके राष्ट्रिनर्माण में योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### जीनगर समाज का समारोह कल

**भीनमाल**, (निसं)। जीनगर युवा संघर्ष समिति के तत्वावधान में जीनगर समाज के न्याती नोहरे में गुरुवार को जीनगर समाज के 17 वें जिला स्तरीय प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार समिति के अध्यक्ष श्यामलाल जीनगर ने बताया कि समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उदयपुर में प्रधानाचार्या एवं जानी मानी साहित्यकार किरण बाला होगी। समारोह की अध्यक्षता सरस डेयरी रानीवाड़ा के प्रबंध निदेशक डूंगरमल जीनगर व विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ तेजाराम भू अभिलेख निरीक्षक बिशनगढ़, सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक कुमार, चंपालाल जीनगर भू अभिलेख निरीक्षक भीनमाल, पवनी देवी समाजसेवी बाकरा व मंछाराम जीनगर होंगे। समारोह में समाज की प्रतिभाओं को गोल्ड व सिल्वर मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

### काव्य कलश की वर्षगांठ पर गोष्ठी हुई

**जोधपुर**, (कासं)। साहित्यिक संस्था -"काव्य-कलश" की प्रथम वर्षगांठ पर पावटा सी रोड स्थित कार्यालय पर नगर के 21 मूर्धन्य और नवोदित कलमकारों द्वारा अशोक सिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में एक नायाब गोष्ठी संपन्न आयोजित की गई। सभी विधाओं से सजा-धजा उक्त कार्यक्रम ढाई घंटे तक चला। अशफाक अहमद फौजदार ने संचालन किया। वरिष्ठ शायर असरार आहिल की उम्दा गजल-" तू नहीं तो बहारों का तसव्वुर कैसा, तू है तो बहारों की जरूरत क्या है?" के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। अंत में सचिव श्याम गुप्ता शान्त के जन्मदिन पर केक काटकर सदस्यों ने उन्हें बधाई दी।

### जगदीश प्रजापति को गौरव अवार्ड मिला

**आहोर**, (नि.सं.)। बृज लोक अकादमी ऋषि वैदिक विद्यापीठ फतेहाबाद आगरा की ओर से आहोर निवासी जगदीश प्रजापति को शिक्षा, साहित्य, कला, हिंदी भाषा, शोध के संरक्षण एवं सर्जन में उत्कृष्ट कार्य के लिए पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर पंडित मदन मोहन मालवीय गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। ऋषि वैदिक विद्यापीठ फतेहाबाद के निदेशक मुकेश कुमार ऋषि वर्मा ने जगदीश प्रजापति को शुभकामनाएं प्रेषित की। जगदीश प्रजापति कई वर्षों से जिले में स्कूल शिक्षा एवं कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र मे कार्य कर रहे हैं। राष्ट्र भाषा हिंदी के अध्यापन को समर्पित प्रजापति के कई अंतराष्ट्रीय जर्नल में शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं।

# गौशाला की सहायता को लेकर विशेष अभियान चलेगा

**जालोर**,(का.सं.)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश दिनेश कुमार गुप्ता के मुख्य अतिथ्य में आश्रयहीन गौवंश तथा अन्य आवारा पशुओं के कारण हो रही समस्याओं को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं गौशाला संचालकों के साथ बैठक आयोजित की।

उन्होंने नगर परिषद, जालोर क्षेत्र में तथा संपूर्ण जिले में सड़कों पर घूम रही गायों और नंदियों पर चिंता व्यक्त करते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं गौशाला संचालकों व स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों से आहवान किया कि सभी एक मंच पर आश्रयहीन गौवंश की समस्या के समाधान के लिए उचित समाधान करने में अपना योगदान देवें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय सभी पर बाध्यकारी होते हैं तथा संविधान के अनुच्छेद 141 व 144 के तहत सभी का कर्तव्य है कि उन निर्णयों की पालना की जावें। उन्होंने युवा पीढ़ी में ड्रग्स लेने की भयावह प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि अगर इस पर तुरंत रोकथाम नहीं की गई तो भावी पीढ़ी अंधकार में डूब जाएगी। उन्होंने इस पर भी जन जागरूकता के साथ रोकथाम के लिए उचित पहल की आवश्यकता जताई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा को कहा कि पुलिस इस पर प्रभावी कार्य योजना बनाकर बनाकर बीच के पेडलर्स को पकड़कर तथा आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने की बात कहीं। इस दौरान न्यायाधीश गुप्ता ने रैन बसेरों में आने वाले लोगों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की बात कही।

बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अहसान अहमद व नगर परिषद के प्रशासक नन्द किशोर राजौरा व आयुक्त दिलीप माथुर ने वर्तमान में जालोर शहर में दो रैन बसेरे संधारित होने के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कार्यवाहक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र सिंह चारण ने पंचायती राज कानून, नगर पालिका कानून के विभिन्न प्रावधानों एवं उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय की ओर से पारित किए गए निर्णयों के बारे में जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भैराराम जाणी ने सुझाव दिया कि सांचैर में गौ मूत्र, गोबर से आर्गेनिक खाद बनाने के प्लांट की विस्तार से जानकारी देते हुए इसके मॉडल को पूरे जिले में लागू किया जाए तो गौ शालाएं आर्थिक रूप से सक्षम हो सकती है।

नगर परिषद के प्रशासक नंद किशोर राजौरा ने बताया कि गौ शालाओं को दिया जाने वाला अनुदान बहुत कम है। नगर परिषद आयुक्त दिलीप माथुर ने बताया कि आवारा पशुओं को पकड़ने का काम उनको ठेके पर दिया हुआ है तथा ठेकेदार के वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में होने से उक्त काम प्रभावित हुआ है।

बैठक के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष खसाराम परिहार ने गोवंश को लेकर आवश्यक सुझाव दिए एवं गौशालाओं को दिए जाने वाले अनुदान में बढ़ोतरी करवाने के लिए जनप्रतिनिधियों से वार्ता की जाएगी। इस दौरान रोटरी क्लब की अध्यक्ष विनिता ओझा ने बताया कि छोटे पशु पालकों को जागरूक करने की आवश्यकता है, वहीं लोग अपने पशुओं को दिन में सड़कों पर घूमने के लिए छोड़ देते हैं। बैठक के दौरान सिंग्ल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान पर मंथन किया गया।

राजौरा व विनिता ओझा ने बताया कि आमजन को जूट व कपड़े के थैले वितरित करने का प्रयास किया गया, लेकिन कुछ समय बाद से ही वापस उपभोक्ता द्वारा थैली के उपयोग को छोड़ दिया जाता है, जिससे सिंग्ल यूज प्लास्टिक की डिमांड बढ़ती है। दुकानदार के ग्राहक नहीं आने के कारण दुकान चलाने के चक्कर में प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग करते हैं, उन्होंने इस पर जन जागरूकता अभियान चलाने एवं प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर कार्यवाही की जाए तो इस पर रोक लग सकती है। जिला न्यायाधीश ने इस पर उपस्थितजनों को सुझाव देने की बात कहीं। बैठक के दौरान जिला कारागृह की अधीक्षक संपति बामणिया, जिला शिक्षा अधिकारी भंवरलाल परमार, महाविद्यालय के प्रिंसिपल मनीष अखावत, पीएमओ वी पी मीणा, जिला रोजगार अधिकारी राजीव कुमार सुथार, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामाराम देवासी, महावीर गौशाला महावीर भंडारी, शांतिनाथ गौशाला के नैनसिंह, प्रहलादसिंह सांकरणा, रोटरी क्लब के सहायक प्रांतपाल डॉ पवन ओझा उपस्थित रहे।

# विमलेश पुरोहित जिला क्रिकेट संघ जैसलमेर के निर्विरोध अध्यक्ष बने

**जैसलमेर**,(नि.सं.)। जिला क्रिकेट संघ जैसलमेर के चुनाव सम्पन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी नवल गोयल ने बताया कि जिला क्रिकेट संघ जैसलमेर के 4 वर्षीय कार्यकारिणी 2025 से 2029 तक के कार्यकाल के लिए चुनाव आयोजित करवाए गए, 15 सदस्य कार्यकारिणी को निर्विरोध रूप से चुनाव किया गया।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव पूरी तरह से चुनावी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की गई और 15 सदस्य कार्यकारिणी के एक-एक आवेदन आने के बाद 21 दिसंबर को इंदिरा आंदोलन स्टेडियम के क्रिकेट मैदान में चुनाव संपन्न कराए गए।

गोयल ने बताया कि अध्यक्ष पद पर एडवोकेट विमलेश पुरोहित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश भाटिया, कवराज सिंह चौहान, सचिव पद पर विमल शर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर हरिवल्लभ बोहरा, उपाध्यक्ष पद पर कृष्ण गोपाल सोनी, रमेश तंवर, अजय केवलिया,भंवर सिंह भाटी को बनाया गया है। इसी प्रकार से संयुक्त सचिव विनर शर्मा व विजय वैष्णव, आयोजन सचिव ललित शर्मा और नरेंद्र गोयल, कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप भाटिया और पुष्पेंद्र बोहरा को निर्वाचित घोषित किया गया। गोयल ने बताया समस्त निर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिए गए।

संघ के सचिव विमल शर्मा ने बताया कि चुनाव संपन्न होने के बाद जिला क्रिकेट संघ द्वारा निर्वाचन अधिकारी नवल गोयल व आरसीए के पर्यवेक्षक सवाई माधोपुर सचिव दीपक राज का शॉल ओढ़कर साफा पहनाकर स्वागत किया गया तथा जिला अध्यक्ष विमलेश पुरोहित ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सचिन शर्मा ने बताया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक आयोजन कर जिला पर्यटन के विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में मदन सिंह राजमथाई, एडवोकेट जहांगीर मलिक, रमेश शर्मा और राजेंद्र सेन को मनोनीत किया गया। संघ के सचिव ने सभी का आभार जताया तथा पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित की।

### क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर 25 से

जैसलमेर जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में शीतकालीन अवकाश के दौरान 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जिला क्रिकेट संघ के सचिव विमल शर्मा ने बताया कि क्रिकेट खिलाड़ियों का शीतकालीन विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 7:30 से 9 और शाम में 3 से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# सुशासन आधारित पहलुओं की जानकारी दी

**पाली/सुमेरपुर**,(नि.सं.)। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत विकास रथ यात्रा में सुमेरपुर विधानसभा की ग्राम पंचायत कूरना में आयोजित कार्यक्रम में पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सहभागिता की तथा आमजन को संबोधित किया।

इस अवसर पर उन्होंने राज्य सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल में किए गए विकासात्मक कार्यों, जन कल्याणकारी योजनाओं और सुशासन आधारित पहलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसका सीधा लाभ आम नागरिकों तक पहुंचा है। कुमावत ने कहा कि विकास रथ यात्रा का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाना तथा आमजन को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी के सिद्धांत पर कार्य करते हुए प्रदेश के समठा और संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। रथ यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी साझा कर आमजन को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, रथ यात्रा के सह प्रभारी दिनेश सिंह राजपुरोहित, भूराराम चौधरी, मंडल महामंत्री भंवरलाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मंगलाराम प्रजापत, उम्मेद सिंह डेंडा, प्रशासक लाबूराम देवासी, पूर्व मंडल महामंत्री मुकेश मोदी, रामेश्वर महाराज सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

कूरना के बाद यह विकास रथ यात्रा डिंगाई पहुंची। जहां मंडल महामंत्री भंवरलाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष हुकम सिंह खरोकड़ा, जिला प्रवक्ता मंगलाराम, पूर्व महामंत्री यशवंत सैन, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मोंटू सिंह, उप सरपंच महेंद्र सिंह, प्रशासक प्रतिनिधि जीवाराम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने स्वागत किया। इसी तरह गुरड़ाई, डेंडा में भी विकास रथ यात्रा के पहुंचने पर उसका स्वागत किया गया। साथ ही ग्रामीणों को राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।

### सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक अवशेषों के दर्शन

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। सोमनाथ मंदिर के मोहमद गजनवी द्वारा तोड़े गये शिवलिंग के अवशेषो के मंगलवार को साय स्थानीय जवाहर पैलेस में आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से आम जन को दर्शन करवाये गये।

दर्शन से पूर्व बेंगलोर से आये स्वामी व पंडित द्वारा पूजा अर्चना की गई व रुद्री पाठ किया गया। संस्था की मुख्य शिक्षिका अंजू गर्ग ने बताया कि इन 1 हजार साल पुराने शिवलिंग के 100 वर्षो तक अग्निहोत्री परिवार द्वारा पूजा अर्चना के बाद वर्तमान शंकराचार्य की आज्ञा से आर्ट ऑफ लिविंग बेंगलोर के संस्थापक रविशंकर गुरुदेव को सौंपे गये जिसका लाभ पूरे भारत के शिव भक्तों को मिल रहा है। हम भाग्यशाली है कि जैसलमेर में इस प्रकार का अद्भुत कार्यक्रम पहली बार हो रहा है। शिव भगत, आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्य, वोलियटर्स आदि सम्मिलित हुए।

# नाकोड़ा तीर्थ में पंच गौरव कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान

**बालोतरा**, (नि.सं.)। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत आज प्रसिद्ध नाकोड़ा तीर्थ स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अभियान का उद्देश्य धार्मिक स्थलों की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी ने बताया कि स्वच्छता अभियान के दौरान तीर्थ परिसर, मुख्य मार्गों, प्रवेश द्वारों, धर्मशालाओं तथा आसपास के सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। अधिकारियों, कर्मचारियों, स्थानीय नागरिकों एवं स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर कचरा एकत्रित किया तथा परिसर को स्वच्छ व सुव्यवस्थित बनाया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पंच गौरव के तहत सेवा, सुशासन और जनभागीदारी को प्राथमिकता दी जा रही है। स्वच्छता अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनी रहे और श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण प्राप्त हो। अभियान के अंत में लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी से अपील की कि वे स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, नगर निकाय प्रतिनिधि, तीर्थ प्रबंधन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### नेत्र एवं चिकित्सा शिविर शुरू

**जोधपुर**, (कासं)।श्री रामऋषि ब्रह्मचारी आश्रम ट्रस्ट द्वारा संचालित दो दिवसीय 39वां निःशुल्क विशाल नेत्र जांच शिविर एवं बहुउद्देश्यीय चिकित्सा शिविर का आयोजन बुधवार को राम ऋषि आश्रम, गड्डी में किया गया। शिविर में सैकड़ों रोगियों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से कई मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।

ट्रस्ट के सचिव गोपालकृष्ण बोहरा एडवोकेट ने बताया कि शिविर का शुभारंभ ख्याति प्राप्त नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रतन पुरोहित एवं डॉ. सी. एस. व्यास ने फीता काटकर किया। शिविर में डॉ. रतन पुरोहित, डॉ. सी. एस. व्यास, डॉ. संतोष थानवी, डॉ. एस. के. आत्रे एवं डॉ. अजय पुरोहित ने रोगियों की नेत्र जांच की। चिकित्सकों, ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रामऋषि महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की। मनोज बोहरा ने बताया कि शिविर के दूसरे दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक बहुउद्देश्यीय चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा।

# विकास की कड़ी अंतिम छोर तक पहुंचे : हमीर सिंह

**बालोतरा**, (नि.सं.)। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर योजनाओं एवं विकास कार्यों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही विकास रथ यात्रा का बुधवार को सिवाना पंचायत समिति क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भव्य स्वागत किया गया।

विकास रथ के कुंडल, वेरा नाड़ी, रेलों की ढाणी, कांखी, पाऊं एवं पादरू गांवों में पहुँचने पर ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर गांवों के आम चौपालों पर बैठकों का आयोजन किया गया, जहां विकास रथ के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं विकास कार्यों की जानकारी प्रदर्शित की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल ने कहा कि विकास की कड़ी अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना ही सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि भाखरड़ा बेल्ट पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां बरसाती जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। पूर्व में किए गए जल संरक्षण कार्यों का लाभ आज भी किसानों को मिल रहा है, जिसके चलते कृषि कुएं भरे हुए हैं। उन्होंने बताया कि बरसाती जल संरक्षण को लेकर विस्तृत डीपीआर तैयार कर भेजी जा चुकी है तथा बांध एवं एनीकट निर्माण कार्य प्रगतिरत हैं।

भायल ने नवीन पंचायतों के गठन को लेकर कहा कि जनता की मांग के अनुसार पूरे क्षेत्र में नई पंचायतों का गठन करवाया गया है। साथ ही राजस्थान सरकार द्वारा सिवाना विधानसभा क्षेत्र के लिए विगत दो वर्षों में विशेष बजट भी जारी किया गया है। उन्होंने आमजन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने उन्हें लगातार तीसरी बार विधानसभा में प्रतिनिधित्व का अवसर दिया है और जनता के हर आदेश को पूरा करने के लिए वे सदैव प्रयासरत रहेंगे।

इससे पूर्व रथ यात्रा में विधानसभा क्षेत्र प्रभारी महेश बी. चौहान ने भी सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष भरत मोदी ने राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता से सक्रिय भूमिका निभाने का आ ान किया। रथ यात्रा के सफल संचालन में पुलिस प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया।

विकास रथ यात्रा में वीर सिंह, सुमेर सिंह, छैल सिंह, जेठू सिंह देवड़ा, गंगा सिंह कांखी, दुर्ग सिंह, प्रेम सिंह, फौजा राम, भैरा राम, पीर सिंह, मिसरा राम, तुलसी देवी मेघवाल, जबर सिंह, गौतम सिंह, भगवाना राम, अर्जुन सिंह, नग सिंह सहित कई जने उपस्थित रहे।

# भाटी को ज्ञापन दिया

**जालोर**,(का.सं.)। जिला रावणा राजपूत महासभा जिलाध्यक्ष राजूसिह राजपुरा एवं युवा महासभा के जिला अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह मंगलिया के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधि मंडल ने राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग राजनितिक प्रतिनिधत्व आयोग मदनलाल भाटी को ज्ञापन सौंपकर राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधत्व के अध्ययन कर अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण को बढ़ाने की मांग की है।

प्रतिनिधि मंडल में एडवोकेट श्रवण सिंह सिसोदिया,वरिष्ठ समाज सेवी दलपत सिंह आर्य ,भाजपा के महामंत्री गजेंद्र सिंह सिसोदिया, अर्जुन सिंह मांगलिया,किशोर सिंह अर्बुदा जेवेल्लेर्स, मदन सिंह गेहलोत, गोरधन सिंह सामुजा,व गुमान सिंह शिवगढ, शामिल थे। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जिला इकाई जालौर ने बुधवार को मदनलाल भाटी का स्वागत अभिनंदन भी किया गया। भाटी के कचहरी परिसर पहुंचने पर एडवोकेट अश्विन राजपुरोहित के ओपन चैंबर में भाटी का परिषद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता बसंत कुमार गहलोत एवं परिषद के अश्विन राजपुरोहित के नेतृत्व में स्वागत किया गया। परिषद के प्रवीण कुमार घांची, रणजीत कुमार भट्ट, नवीन कुमार गेहलोत, दिग्विजयसिंह परिहार, डूंगर देवासी, दौलत बाराड़ा, गणपत सिंह नोरवा, मुकेश राजपुरोहित, तरुण सिंह राजपुरोहित एवं नरेन्द्रसिंह, बजरंग गर्ग आदि उपस्थित थे।

### सम्मान समारोह

**जालोर, ( का.सं. )** शहर के साइन पब्लिक सेकेंडरी स्कूल में सरवरी उमराह टूर जालोर की ओर से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पीर सैयद शाकिर अली बुखारी साहब (इंदौर) के निर्देशन में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मो. सलीम मुस्तफाई ने किया।

दा.ऊ. गोसिया अशरफिया जालोर र में आयोजित सम्मान समारोह में करीब 65 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सरवरी उमराह टूर के ऑनर मो. गुलाम अली साहब ने बताया कि यह प्रतियोगिता प्रदेश स्तर पर आयोजित की गई थी, जिसमें करीब 4 हजार बच्चों ने भाग लिया। इनमें से 4 बच्चों को उमराह के लिए टिकट प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शाही जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मारूफ साहब, ऊपरकोटा मस्जिद के मौलाना नियाज़ मोहम्मद, अयूब शेख, शहजाद खान सिलावट आरिफ सिलावट, सलीम खान सिपाही आबाद अली, जबरू पठान, इकलास मेहर, साबिर अली नेपाली, साबिर खान, रमीज खान आदि मौजूद थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को मेहनत, ज्ञान और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# डिस्ट्रिक्ट क्लब का स्पोर्ट्स कार्निवल जारी

**पाली**, (नि.सं.)। डिस्ट्रिक्ट क्लब सचिव पुनीत मुथा ने बताया इस बार स्पोर्ट्स कार्निवल प्रतियोगिता में सभी खेल व खिलाड़ियों को विशेष सुविधा व एक उच्च स्तरीय समावेश खेली जा रही है। मुख्य आकर्षण नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता पुरुष व महिला वर्ग किक्रेट प्रतियोगिता पुरुष वर्ग किक्रेट कप के स्पोंसर है प्रवीण मंडोरा, कप व महिला किक्रेट कप के स्पोंसर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महावीर कटारिया, अमोलक शर्मा, मनीष सोनी , मनिष भंडारी, घनश्याम रांकावत, नरेन्द्र माछर, सुनील कुमार अरिस्टो टेलर, मुलचंद संखलेचा , लखपत दिपक तलेसरा महेन्द्र परिहार सिटी बाईट अमित अरोड़ा अहमदाबाद का सहयोग स्पोर्ट्स कार्निवल में मिल रहा है। आज क्रिकेट प्रतियोगिता में सिली प्वाइंट, पाली पेथंर,नाहर टाईगर,एम रिषभ राइजिंग,नाहर टाईगर ने मुकाबले जीते।

महिला क्रिकेट आज दो मैच लगातार एन एम टी ,सुपर ने जीते।

खेल प्रभारी राजेश पाटनेचा रिषी बोहरा, रिषभ तलेसरा ने बताया कि शतरंज युवा वर्ग की प्रतियोगिता में प्रज्वल ने हार्दिक गुप्ता को हराकर खिताब जीता , व महिला वर्ग में शिल्फा संचेती फाइनल में प्रवेश किया।

योग प्रभारी नरेंद्र माछर ने बताया योगा के योगासन की प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें 52 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें दो कैटेगरी बनाई गई। एक 40 वर्ष अंडर पुरुष वर्ग नरेश सोनी विजेता व प्रदुम्न वैष्णव उप विजेता, 40 में हरिश महेश्वरी विजेता व हितेश फोफलीया उप विजेता रहे।

महिला वर्ग 40मे उर्वशी बागड़ी प्रथम व मीनाक्षी कंकुलोत दुसरा स्थान 40 डां शानु गर्ग विजेता व ज्योत्स्ना शर्मा उप विजेता रहे।

बेडमिंटन सीनियर वर्ग डबल्स मे प्रमोद मुथा व हितेश फोफलीया अगले दौर में पहुंचे। टेबल टेनिस डबल्स के अकेंश गादिया व आषीस बिसावा , प्रदीप सांड व विवेक मेहता फाइनल में पहुंचे। टेनिस जुनियर वर्ग में आरव मेहता ने आदित्य सिंह को हराकर फाइनल जीते। टेनिस स्पर्धा में के फाइनल शेर सिंह टीम व ई 9 , स्टार शुटर के मध्य फाइनल मुकाबला होगा।

सचिव पुनीत मुथा ने बताया इस बार 31 दिसंबर को भव्य रंगारंग कार्यक्रम होगा इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

### शिविर आयोजित

**बालोतरा**,(नि.सं.। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सिद्धार्थ दीप की अध्यक्षता में बाल अधिकारिता विभाग, महिला अधिकारिता विभाग एवं सृष्टि सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत समिति बालोतरा में उपभोक्ता संरक्षण अधिकार दिवस तथा 100 दिवसीय 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सिद्धार्थ दीप ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत उपभोक्ताओं को प्राप्त अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही न्याय आपके द्वार, लोक उपयोगिता सेवाओं के माध्यम से आमजन की समस्याओं के सुलभ एवं त्वरित समाधान के बारे में विस्तार से बताया।

एडवोकेट हेतल चारण ने उपभोक्ताओं को दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान की जानकारी देते हुए प्रत्येक नागरिक को जागरूक उपभोक्ता बनने का संदेश दिया। महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक योगेंद्र देथा ने 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर चर्चा करते हुए बाल विवाह के दुष्परिणामों, महिलाओं के शारीरिक शोषण, घरेलू हिंसा एवं उत्पीड़न जैसे विषयों पर प्रकाश डाला।

# आईपीएससी प्राचार्यों का सम्मेलन 27 से

**जोधपुर**, (कासं) राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल जोधपुर में देश का 86 वाँ आईपीएससी प्राचार्यों का तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का शुभारंभ 27 दिसंबर को होगा।

भारतीय पब्लिक स्कूल सम्मेलन के 86 वें प्राचार्यों का सम्मेलन 27 से 29 दिसंबर तक आयोजित होगा। सम्मेलन का विषय "आरोहणम शिक्षा के माध्यम से आध्यात्मिक विकास की यात्रा" पर आधारित होगा ।

स्कूल की प्राचार्या नीरा सिंह ने बताया कि राजमाता स्कूल द्वारा पूर्व महाराजा गज सिंह व पूर्व महारानी हेमलता राज्ये के मुख्य संरक्षण व सहयोग से तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें देश भर के लगभग 40 प्रतिष्ठित आईपीएससी विद्यालयों के प्राचार्यों सहित 80 से अधिक शिक्षाविद् भाग लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ वेलकम आईटीसी होटल में कार्यकारी समिति की बैठक से होगा।

उन्होंने बताया कि उदघाटन सत्र में पद्मिवभूषण मोंटेक सिंह अहलूवालिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अमृता दास, डॉ. रंजन बनर्जी, एजुकेशन वर्ल्ड के भाविन शाह, तथा राजमाता स्कूल के बोर्ड सदस्य मेजर जनरल के वी एस लालोत्रा और लता वैदयनाथन शामिल होंगे। आई पी एस सी ट्रस्ट से प्रमोद शर्मा, बी.आर. दुबे, कैप्टन (आईएन) विनय कुमार वर्मा (सेवानिवृत), ज्योत्सना बरार, सुनीति शर्मा, जोगिंदर सिंह मान, डॉ. सुमेर सिंह और कमांडर वी. के. बंगा (सेवानिवृत्त) भी इस महत्वपूर्ण आयोजन में भाग लेंगे।

प्राचार्या ने बताया कि इंडियन पब्लिक स्कूल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष अनिल शर्मा तथा सचिव आर. सी. जोशी के मार्गदर्शन में आयोजित इस उच्चस्तरीय सम्मेलन में देशभर के आई पी एस सी सदस्य विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रतिनिधि अपनी सहभागिता दर्ज करायेंगे। सम्मेलन के दौरान 21वीं सदी की शिक्षा के संदर्भ में नेतृत्व, शिक्षक कल्याण, सांस्कृतिक संवेदनशीलता और सतत विकास जैसे विषयों पर सेमिनार, पैनल चर्चा और थीम आधारित सत्र आयोजित होंगे। विशेष मेहमानों के लिए मेहरानगढ़ किला, उम्मेद भवन पैलेस, सांस्कृतिक संध्या और मारवाड़ की जीवंत विरासत से परिचय जैसी गतिविधियां भी प्रस्तावित हैं, जो राजस्थान की संस्कृति और शिक्षा के आदर्शों को सुसंगत रूप से जोड़ेंगी।